
RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 38 • 20:02:2024 • मंगलवार • मूल्य : 5/-



## अब चांद से मिट्टी लाने की तैयारी में इसरो


**चंद्रयान-3 की सफलता के 6 महीने बाद आई बड़ी खुशखबरी**

**श्रीहरिकोटा (एजेंसी)।** चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के करीब 6 महीने बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एक और खुशखबरी दी है। इसरो का कहना है कि चंद्रयान-4 को लेकर आंतरिक स्तर पर चर्चा जारी है। इसके लिए अनूठा डिजाइन और मॉर्डन टेक्नोलॉजी डेवलप की जा रही है। मालूम हो कि अगस्त 2023 में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण हुआ था। इसके बाद इसरो ने चांद की सतह से मिट्टी धरती पर लाने के लिए एक और जटिल मिशन की योजना बनाई है। इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने शनिवार को जीएसएलवी-एफ14/इनसैट-3डीएस उपग्रह के सफल लॉन्च के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी चंद्रयान-3 की सफलता के बाद भविष्य में चंद्रयान-4, 5, 6 और 7 मिशन भेजना चाहती है। सोमनाथ ने कहा, हम इस पर काम कर रहे हैं कि चंद्रयान-4 अंतरिक्ष यान में क्या-क्या होना चाहिए। पहला सवाल यह है कि चंद्रयान-4 में उपकरण के तौर पर क्या-क्या होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बार कुछ अलग करने की योजना है। इसरो चीफ ने कहा, पहली चीज हमने यह तय की कि चंद्रयान-4 के जरिए चंद्रमा की मिट्टी का सैंपल पृथ्वी पर लाया जाए। हम इसे रोबोटिक तरीके से करना चाहते हैं। इसलिए, यही चर्चा चल रही है। हम सभी इस चर्चा में शामिल हैं कि उपलब्ध रॉकेटों के साथ यह काम कैसे किया जाए। आप जानते हैं कि चंद्रमा पर जाना, नमूना लाना बहुत जटिल काम है। अंतरिक्ष विभाग के सचिव ने कहा कि वैज्ञानिक चंद्रयान-4 मिशन के लिए हाई लेवल की टेक्नोलॉजी डेवलप कर रहे हैं। उन्होंने कहा, इस मिशन को पूरा करने के लिए हम उच्च प्रौद्योगिकी विकसित कर रहे हैं। सरकार की मंजूरी के बाद हम जल्द ही इस बारे में बताएंगे। अभी इंतजार करें। वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अगली पीढ़ी के मौसम पूर्वानुमान उपग्रह के सफल लॉन्च के लिए इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी है।

## पाकिस्तान में अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर बलाज टीपू की हत्या

### शादी समारोह में गोली मारी गई, बॉडीगार्ड ने हमलावर को मार गिराया

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान के लाहौर में अंडरवर्ल्ड डॉन अमीर बलाज टीपू की हत्या कर दी गई। एक शादी समारोह में उसे गोली मारी गई। इस दौरान हमलावर भी मारा गया। अमीर बलाज टीपू माल परिवहन नेटवर्क का मालिक था। पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक, अमीर का लाहौर के साथ-साथ पूरे पाकिस्तान में भी रुतबा था। उसके पिता आरिफ अमीर और दादा बिल्ला ट्रकानवाला भी गैंगस्टर थे। 2010 में उसके पिता की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, एक अज्ञात हमलावर ने 18 फरवरी को लाहौर के चुंग इलाके में शादी समारोह के दौरान बालाज टीपू को गोली मार दी थी। दो अन्य मेहमानों को भी गोली लगी। वे गंभीर रूप से घायल हुए। अमीर बलाज का रुतबा इतना था कि उसके इर्द गिर्द हमेशा बंदूकधारी गार्ड रहते थे। ये बॉडीगार्ड शादी समारोह में भी थे। हमलावर के गोली चलाने के बाद इन गार्ड ने भी जवाबी फायरिंग की। इसमें हमलावर मारा गया। पाकिस्तानी मीडिया डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, अमीर बलाज टीपू को घायल स्थिति में जिन्ना अस्पताल भर्ती कराया गया था। हालांकि, तमाम कोशिशों के बावजूद बालाज की मौत हो गई। इनके बाद उसके समर्थक अस्पताल में जमा हो गए।



## जितना किसान को फायदा होगा उतना फायदा बिजनेस को होगा

**लखनऊ मे मोदी बोले-यूपी को एक ट्रिलियन की इकोनॉमी बनाएंगे, बाकी राज्य भी सीखें**

लखनऊ (एजेंसी)। पीएम मोदी ने लखनऊ में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का उद्घाटन किया। 10 लाख करोड़ के 14619 प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। योगी ने यूपी की नई परिभाषा दी। बोले-यूपी मतलब अल्टीमेट पोटेंशियल। देश-दुनिया के करीब 5 हजार मेहमान इस वक्त लखनऊ में हैं। उम्मीद की जा रही है कि इससे 33.5 लाख से ज्यादा रोजगार मिल सकेंगे। वहीं, अखिलेश यादव ने तंज कसते हुए कहा,वोट चाहिए इसलिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी हो रही है। ये पहले भी हो सकती थी। पीएम मोदी बोले,जितना किसान का फायदा होगा, उतना फायदा का बिजनेस का होगा। हर हिंदुस्तानी को गर्व होता है, यूपी को एक ट्रिलियन की इकोनॉमी बनाएंगे, बाकी राज्य भी सीखें पीएम मोदी ने कहा,उत्तर प्रदेश की धरती के बेटे चौधरी चरण को भारत रत्न दिया, ये बात कांग्रेस को पसंद नहीं आई। उनका नाम लेकर राजनीति करने वाले कई दलों ने उनकी बातों को नहीं माना। उन्होंने छोटे किसानों के लिए जो किया, वह देश कभी नहीं भूल सकता। कांग्रेस गरीब, मजदूर, किसान, पिछड़ों का सम्मान नहीं करती है। पीएम मोदी ने कहा,जब आप घूमने जा रहे हैं, तब वहां जो भी कुछ खास बनता हो, उसे खरीदने के लिए 10 फीसदी रकम जरूर रखे। इससे एमएसएमई को बढ़ावा मिलेगा। अमीरी का फैशन चल पड़ा है। शादी विदेश में करो। इतना बड़ा देश, क्या यहां शादी नहीं कर सकते हैं।



### उत्तम प्रदेश से अब उद्यम प्रदेश बनने जा रहा है यूपी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा,आज 6 साल के अंदर हम ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का आयोजन हो रहा है। औद्योगिक निवेश के बारे में कोटिल्य ने कहा था कि आर्थिक समृद्धि के लिए भूमि, पूंजी पर ध्यान देना होगा। मुझे कहते हुए अच्छा लग रहा है कि यह सब यूपी में मौजूद है। शुरुआती चरण में उद्यमियों ने हम पर भरोसा जताया था। निवेश परियोजनाओं में लाखों नौजवानों को जॉब मिली। कोविड के बावजूद तीसरा ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की गई। 80 हजार करोड़ के निवेश आए। 10-12 फरवरी 2023 में ग्लोबल इंवेस्टर समिट में आप सभी सहभागी रहे हैं। देश-दुनिया के उद्यमियों ने हमपर भरोसा जताया। 40 लाख करोड़ का निवेश प्रस्ताव हमे मिल चुके हैं। उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बनकर अब उद्यम प्रदेश बनने जा रहा है। यूपी की नई परिभाषा सीएम योगी ने दी। कहा-अल्टीमेट पोटेंशियल। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा,जहां सामान्य जनप्रतिनिधि समस्या देखता है। वहां पीएम अवसर देखते हैं। समाज का कोई ऐसा वर्ग नहीं है, जो पीछे छूटा हुआ महसूस करता हो। भारत की जनता को पूरा विश्वास है कि आपका तीसरा-चौथा कार्यकाल विकास की नई बुलंदी छूएगा। एक समय था जब उद्यमी और जनप्रतिनिधि का मिलना, पॉलिटिकल करियर के लिए खतरा समझा जाता था। कोई ध्यान देने वाला नहीं था कि दोनों साथ मिलकर काम करें, तो राष्ट्र कितना तेजी से विकास करेगा।

## अमेठी में सियासी सोमवार कांग्रेस-बीजेपी में आर-पार

- **न्याय यात्रा के साथ राहुल गांधी, स्मृति ईरानी ने भी संभाला मोर्चा**

**अमेठी (एजेंसी)।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का सोमवार को 37वां दिन है। यूपी में यात्रा का चौथा दिन है। राहुल ने प्रतापगढ़ से यात्रा शुरू की। इसके बाद अपने पुराने संसदीय क्षेत्र अमेठी पहुंचे। अमेठी और गौरीगंज में पदयात्रा की। इसके बाद वह बाबूगंज में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी रहे। 16 फरवरी को न्याय यात्रा ने चंदौली से यूपी में एंट्री की थी। 17 फरवरी को राहुल ने काशी में 12 किलोमीटर लंबा रोड शो किया। 18 फरवरी को प्रयागराज के आनंद भवन से यात्रा शुरू हुई। लक्ष्मी टॉकीज चौराहे पर इलाहाबाद यूनिवर्सिटी की छात्राओं ने राहुल को गुलाब के फूल दिए। दूसरी तरफ, भाजपा सांसद केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी भी अमेठी पहुंच गई है। उनके भी जनसंपर्क कार्यक्रम भाग लेने की योजना है। वहीं, राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बीच भारतीय जनता पार्टी ने भी अपनी रणनीति तैयार कर ली है। 2014 के लोकसभा चुनाव में हार के बाद जिस प्रकार से स्मृति ईरानी ने राहुल को घेरा। ठीक उसी रणनीति पर वे काम करती दिख रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले अमेठी में सियासी पारा गरमा गया है। राहुल गांधी की यात्रा के बीच स्मृति ईरानी भी सोमवार से चार दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी पहुंच गई हैं। स्मृति ईरानी वहां दो दर्जन गांवों में जन संवाद विकास यात्रा में शामिल होंगी। वहां अपने नए घर में गृह प्रवेश करेंगी। राहुल गांधी ने अमेठी में हार के बाद से इस तरफ आना बंद कर दिया। पिछले पांच सालों में काफी कम वे अपने संसदीय क्षेत्र में दिखे हैं।



## सुप्रीम कोर्ट ने विशेषाधिकार समिति के ऐक्शन पर लगा दी रोक

**संदेशखाली पर ममता सरकार को बड़ी राहत**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संदेशखाली मामले में ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के अधिकारियों के खिलाफ लोकसभा की विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही पर रोक लगा दी है। ममता बनर्जी सरकार ने सांसदों की शियाकत पर संसद की विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका फाइल की थी। बता दें कि संसद की विशेषाधिकार समिति ने पश्चिम बंगाल मुख्य सचिव और डीजीपी के खिलाफ विशेषाधिकार उल्लंघन की कार्यवाही करने का फैसला किया था। आरोप था कि भाजपा सांसद सुकांता मजूमदार के खिलाफ पश्चिम बंगाल में जानलेवा कार्रवाई की गई। वह यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं के प्रदर्शन में शामिल होने संदेशखाली पहुंचे थे। इसी बीच पुलिस ने भाजपा नेताओं पर लाठीचार्च किया जिसमें मजूमदार बुरी तरह घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में ऐडमिट कराना पड़ा। सीजेआई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली बेंच ने यह फैसला सुनाया है। संसद की विशेषाधिकार समिति ने चीफ सेक्रेटरी भगवती प्रसाद गोपालिका और डीजीपी राजीव कुमार को सोमवार को समिति के सामने पेश होने का समन भेजा था। इसके अलावा संसद की समिति ने नॉर्थ 24 परगान के डीएम शरद कुमार को भी समन भेजा था। बेंच ने कहा, समिति के आदेश पर तत्काल रोक लगाई जाती है।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा-**

**संदेशखाली मणिपुर नहीं, याचिका खारिज**- सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार 19 फरवरी को संदेशखाली मामले में दायर याचिका खारिज कर दी। मामले की सुनवाई कर रही जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने कहा कि संदेशखाली मणिपुर नहीं है। मामले पर हाईकोर्ट ने स्यू मोटो (स्वत: संज्ञान) लिया है। वे ही इस पर ऑर्डर देंगे। याचिका पीड़ित महिलाओं की तरफ से एक वकील ने दायर की थी।

## गोवा में छत्रपति शिवाजी की मूर्ति लगाने पर हंगामा

### अनावरण करने गए मंत्री पथराव में घायल; बोले-सौहार्द्र बना रहे इसलिए एफआईआर नहीं करूंगा

**पणजी (एजेंसी)।** गोवा के मरगाव के साओ जोस डी एरियल गांव में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति लगाने पर हंगामा हो गया। इस दौरान वहां मौजूद लोगों ने पथराव कर दिया, जिसमें मूर्ति का अनावरण करने आए राज्य के समाज कल्याण मंत्री सुभाष पहल देसाई घायल हो गए। हालांकि उन्हें मामूली चोटें आई हैं। मराठा सम्राट की सोमवार 19 फरवरी को 394वीं जयंती है।



इसे मनाने के लिए देशभर में आयोजन हो रहे हैं। रविवार (18 फरवरी) को साओ जोस डी एरियल में भी शिवाजी महाराज की मूर्ति लगाई गई। विरोध बढ़ने पर यहां बड़ी तादाद में पुलिस तैनात की गई है। मंत्री सुभाष ने कहा है कि गांव और राज्य में सांप्रदायिक सौहार्द्र बना रहे, इसलिए वह पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराएंगे। साओ जोस डी एरियाल के लोग रविवार से ही मूर्ति लगाने का विरोध कर रहे थे। जिसके बाद वहां कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस तैनात की गई। मंत्री देसाई ने जब मूर्ति का अनावरण करने के बाद गांव वालों ने उन्हें घेर लिया। मंत्री ने विरोध कर रहे लोगों से बातचीत की, लेकिन यह बेनतीजा रही। यह मूर्ति एक मुस्लिम निवासी की दान की गई निजी संपत्ति में स्थापित की गई है। देसाई ने पहले कहा था-छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति पर किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए।

## सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव के बैलट पेपर मंगवाए

### चुनाव अधिकारी से पूछा-बैलट पर निशान क्यों लगाया था; कहा-उन पर अलग केस चले

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चंडीगढ़ मेयर चुनाव दोबारा कराए जाने की जगह नई व्यवस्था दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मौजूदा बैलट पेपर्स की गिनती कर चंडीगढ़ मेयर का चुनाव किया जाए। इसमें उन बैलट पेपर्स को शामिल ना किया जाए, जिन पर रिटर्निंग अफसर ने निशान लगाए थे। सुप्रीम कोर्ट ने बैलट पेपर्स कोर्ट में पेश करने के निर्देश दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट रजिस्ट्रार जनरल से कहा कि मंगलवार को कोर्ट में बैलट पेपर्स और वीडियो लाने के लिए एक ज्यूडिशियल अफसर की नियुक्त कीजिए। सुप्रीम कोर्ट ने प्रशासन को निर्देश दिए कि ज्यूडिशियल अफसर और रिकॉर्ड्स की सुरक्षा के लिए व्यवस्था कीजिए। अदालत मंगलवार को 2 बजे चुनाव का पूरा वीडियो और बैलट पेपर्स की जांच करेगी। अदालत ने रिटर्निंग अफसर अनिल मसीह से पूछा- आपने बैलट पेपर्स पर गलत का निशान क्यों लगाया। इस पर मसीह ने कहा कि उन्होंने 8 खराब बैलेट पर निशान लगाए थे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अनिल मसीह पर अलग केस चलना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में 5 फरवरी को सुनवाई के दौरान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने वह वीडियो भी देखा था, जिसमें चुनाव अधिकारी अनिल मसीह बैलट पेपर पर क्रॉस लगाते दिख रहे हैं। इसके बाद सीजेआई ने कहा था- वीडियो से साफ पता चल रहा है कि चुनाव अधिकारी ने बैलट पेपरों को डिफेस्ड (खराब) किया। क्या ऐसे ही चुनाव कराए जाते हैं। यह लोकतंत्र का मजाक है। लोकतंत्र की हत्या है। इस अफसर पर केस होना चाहिए।




## रूसी तेल टैंकरों पर हूतियों का हमला बनेगा मुसीबत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लाल सागर से गुजरने वाले जहाजों पर हाल के दिनों में हूतियों ने रॉकेट से हमले किए हैं। हूतियों ने रूस के ऑयल टैंकरों को निशाना बनाया है। रूसी कच्चा तेल ले जा रहे जहाज पर हुए मिसाइल हमले ने भारतीय रिफाइनरियों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। यह पिछले तीन हफ्तों में इस तरह का दूसरा हमला है। पेरिस स्थित एजेंसी केप्लर के मुताबिक, रूस अब भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता है। इन हमलों के साथ ही अमेरिका के दिसंबर से लागू प्रतिबंधों से भी जहाजों की जांच बढ़ गई है जो भारत को कच्चा तेल लाते हैं। पनामा-पंजीकृत पोलक्स, जिसने 24 जनवरी को नोवोरोस्सिएस्क के रूसी बंदरगाह में शेशकारिस तेल टर्मिनल पर कच्चा तेल लोड किया था, 28 फरवरी को पारादीप बंदरगाह पर यूराल ग्रेड वितरित करने वाला था। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस और अमेरिकी विदेश विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, टैंकर पर यमन के मोखा बंदरगाह के उत्तर-पश्चिम में हमला किया गया था।

## हल्द्वानी में हिंसा करने वालों पर अब एक और बड़ी चोट

**डीएम का ऐक्शन, कमाई का रास्ता भी किया बंद**

**हल्द्वानी (एजेंसी)।** हल्द्वानी के वनभूलपुरा में हुए उपद्रव में लिप्त पाए गए दंगाइयों पर आर्थिक चोट के बाद अब फिर जोरदार ऐक्शन होने वाला है। हल्द्वानी दंगे में शामिल करीब 150 लोगों के गौला खनन कार्य में लगे वाहनों के रजिस्ट्रेशन रद्द किए जाएंगे। डीएम के आदेश के बाद वन निगम ने कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस ने अभी तक 54 ऐसे लोग चिह्नित कर लिए हैं। दो दिन पहले डीएम वंदना की अध्यक्षता में खनन समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया था। वनभूलपुरा के ज्यादातर लोग गौला के खनन कार्य से जुड़े हुए हैं। कई के वाहन गौला नदी में खनन कार्य के लिए पंजीकृत हैं। इन वाहन मालिकों पर वनभूलपुरा के उपद्रव की गाज गिरने वाली है। पुलिस के स्तर से चिह्नित इन लोगों के वाहन गौला के खनन कार्य में पंजीकृत हैं, तो उनका पंजीकरण निरस्त किया जाएगा। डीएम के आदेश के बाद वन निगम इनके दस्तावेज खंगाल रहा है। फिलहाल ऐसे करीब 54 से ज्यादा लोग चिह्नित किए जा चुके हैं। वन निगम के अनुसार, इनकी संख्या 150 से अधिक है। रजिस्ट्रेशन निरस्त होने के बाद ये लोग गौला के खनन से बेदखल कर दिए जाएंगे। वनभूलपुरा की हिंसा के चलते गौला में बुग्गी से खनन के लिए बनाए गए तीनों गेट बंद कर दिए गए थे। गेट बंद होने से बुग्गी चालकों के लिए दिक्कत खड़ी हो गई है। हालांकि शनिवार को राजपुरा गेट खुल गया, लेकिन अभी टनकपुर और इंदिरानगर गेट बंद हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### घायल युवक के पास से देसी कट्टा बरामद-इलाज कराने पहुंची थी पुलिस

**पटना, एजेंसी।** पटना में घायल अवस्था मे एक युवक सड़क पर गिरा मिला। जांच के दौरान कमर से देसी कट्टा निकला। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, पुलिस को जक्कनपुर थाना क्षेत्र स्थित सिपारा पुल के नीच एक युवक के सड़क पर गिरे होने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया। वहीं जांच के दौरान युवक के पास से देसी पिस्टल बरामद किया गया। जक्कनपुर थानेदार ने बताया कि गश्ती के दौरान सीपारा पुल के नीचे बाइक के साथ घायल पड़े युवक की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। वहीं जांच के दौरान उसके पास से लोडेड देसी कट्टा बरामद किया। घायल युवक मारूफगंज का रहने वाला है। इलाज के दौरान ही युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। युवक के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि क्या वह देसी कट्टा से किसी घटना को अंजाम देने जा रहा था। इस मामले की जांच की जा रही है।

### सीजन का सबसे ज्यादा गर्म दिन रहा रविवार, रात में बढ़ी ठंड

**भागलपुर, एजेंसी।** बीते 24 घंटे में 2.8 डिग्री सेल्सियस की उछाल के साथ रविवार को दिन का पारा 28.3 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो कि इस सीजन का सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान रहा। वहीं रात में पड़ रही ओस व नमयुक्त पछुआ हवाओं ने रात के पारे को 1.2 डिग्री सेल्सियस लुढ़का दिया। रविवार को अधिकतम तापमान 28.3 डिग्री सेल्सियस रहा जो कि सामान्य तापमान से एक डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 11.8 डिग्री सेल्सियस पर आ गया, जो कि सामान्य तापमान से चार डिग्री सेल्सियस से नीचे है। रविवार की सुबह साढ़े आठ बजे 90 प्रतिशत रही आर्द्रता शाम साढ़े पांच बजे तक कम होकर 55 प्रतिशत पर आ गई। जबकि दिन भर 2.5 किमी प्रति घंटे की औसत रफ्तार से पछुआ बही। बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के मौसम वैज्ञानिक डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि जिले में औसत समुद्र तल से डेढ़ किमी ऊपर तक पछुआ हवाओं का प्रवाह हो रहा है। इन मौसमी कारकों के प्रभाव से जहां सोमवार को दिन में गर्मी तो रात में ठंड का एहसास होगा तो वहीं 20 फरवरी की शाम से मौसम बदलेगा और 21 व 22 फरवरी को आंशिक बदरी के बीच हल्की बारिश या बूंदाबांदी हो सकती है। हालांकि इससे दिन एवं रात के तापमान में कोई वृद्धि नहीं होगी।

### भागलपुर के दिव्यांश ने जीता गोल्ड मेडल

**भागलपुर, एजेंसी।** गुजरात के अहमदाबाद में चल रहे नेशनल इंटर डिस्ट्रिक जूनियर एथलेटिक्स मीट 2024 में भागलपुर के दिव्यांश कुमार राज ने 60 मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल हासिल किया है। उसकी इस उपलब्धि पर भागलपुर एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष जेड. हसन, सचिव मो. नसर आलम, शिशुपाल भारती, प्रमोद मंडल, अकरम अली, नीरज राय, प्रवीण झा, जितेंद्र मणि राकेश, फारूक आजम, पवन सिन्हा, सादिक हसन आदि ने खुशी जाहिर की है।

### नोपानी छात्रावास के अध्यक्ष रामगोपाल तो महामंत्री बने अभिषेक जैन

**भागलपुर, एजेंसी।** रावतमल नोपानी छात्रावास के कार्यसमिति सदस्यों की बैठक छात्रावास के अध्यक्ष राम गोपाल पोद्दार की अध्यक्षता में रविवार को हुई। इस मौके पर सत्र 2023-26 के लिए छात्रावास के पदाधिकारी पद के लिए हुए चुनाव में रामगोपाल पोद्दार को अध्यक्ष तो अभिषेक जैन को छात्रावास का महामंत्री बनाया गया। इसके अलावा प्रभात कुमार केजरीवाल व नीरज कोटरीवाल निर्विरोध छात्रावास के उपाध्यक्ष चुन लिए गये। इसके अलावा छात्रावास का मंत्री किशोर झुनझुनवाला, राजेश सराफ, कोषाध्यक्ष अभिषेक डालमिया, अधीक्षक प्रो. शिवकुमार जिलोका को चुना गया।

# तेजस्वी यादव के जन विश्वास यात्रा करने से क्या होगा? सबसे ज्यादा विश्वास तो आपने ही तोड़ा है: प्रशांत किशोर



**पटना, एजेंसी।** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव 20 फरवरी से जन विश्वास यात्रा पर निकल रहे हैं। तेजस्वी की इस यात्रा को लेकर जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने हमला बोला है। रविवार को पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान प्रशांत किशोर ने सवालिया लहजे में पूछा कि बीते दिनों नीतीश कुमार ने भी समाधान यात्रा की थी, बिहार के कितने लोगों और उनकी कितनी समस्याओं का समाधान हो गया? अभी राहुल गांधी न्याय यात्रा कर रहे हैं, बिहार के कितने लोगों को न्याय मिल गया? अब तेजस्वी यादव के जन विश्वास यात्रा करने से क्या होगा? सबसे ज्यादा विश्वास तो आपने ही तोड़ा है। पीके ने कहा कि 30-32 सालों से बिहार में लालू-नीतीश का ही राज है। इतने सालों में गरीबी नहीं मिटी, पलायन रुका नहीं, रोजगार नहीं मिला। अब किस विश्वास की बात कर रहे हैं आप? उन्होंने कहा कि जनता इतनी बेवकूफ नहीं है। लोग आएंगे विश्वास यात्रा में, कुछ लोग इकट्ठा भी हो जाएंगे, लेकिन, काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने आरजेडी, लालू यादव के बेटे की सरकार देखी है वो जानते हैं ये जात-पात, हिन्दू-मुस्लिम, भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी से ऊपर उठकर राजनीति नहीं कर सकते हैं, ये इनका कैरेक्टर है। इन चार चीजों से ऊपर उठकर आरजेडी के लोग राजनीति नहीं कर सकते हैं? बता दें कि तेजस्वी यादव जन विश्वास यात्रा पर 20 फरवरी से निकलेंगे। वे 29 फरवरी तक यात्रा के दौरान राज्य के 32 जिलों में जन-सभाओं को संबोधित करेंगे। वे एक दिन में तीन से चार जिले का दौरा करेंगे। इसकी तैयारी के लिए राजद के जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्षों को जिम्मेवारी सौंपी गयी है। इस यात्रा में तेजस्वी के साथ पार्टी के साथ ही महागठबंधन के प्रमुख नेता और कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। पार्टी की ओर से बताया गया है कि तेजस्वी यादव 20 फरवरी को मुजफ्फरपुर, सीतामढी व शिवहर, 21 फरवरी को मोतिहारी (पूर्वी चंपारण), बेतिया (पश्चिमी चंपारण), गोपालगंज, 22 फरवरी को सीवान, छपरा (सारण), आरा (भोजपुर), 23 फरवरी को बक्सर, रोहतास व औरंगाबाद, 24 फरवरी को गया, नवादा, नालंदा, जहानाबाद, 25 फरवरी को वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा एवं मधुबनी, 26 फरवरी को सुपौल, अररिया, पूर्णिया एवं मधेपुरा, 27 फरवरी को सहरसा, खगड़िया, मुंगेर व बेगूसराय तथा 29 फरवरी को कटिहार, भागलपुर, बांका एवं जमुई में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

## इंडी गठबंधन परिवारवाद, मोदी राष्ट्रवाद के प्रतीक-गिरिराज सिंह




**पटना, एजेंसी।** जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है। वैसे-वैसे सियासी बयानबाजी भी तेज हो गई है। केंद्रीय मंत्री और बेगूसराय से बीजेपी सांसद गिरिराज सिंह ने एक बार फिर से इंडी गठबंधन पर हमला बोला है। वहीं पीएम मोदी की तारीफ करते हुए उन्हें संत और राष्ट्रवाद का प्रतीक कहा है। साथ ही लालू यादव, ममता बनर्जी और स्टालिन पर परिवारवाद का आरोप लगाया है। गिरिराज सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि साल 2014 का चुनाव जीतने के बाद पहले दिन ही लोकतंत्र के मंदिर की सीढ़ी को प्रणाम किया था। वो संत आदमी हैं, उनके अकाउंट में पैसा नहीं है, उनके पास कोई जमीन नहीं, कोई मकान नहीं है, वो सिर्फ राष्ट्र के लिए जीते हैं और राष्ट्र के लिए ही मरते हैं। वहीं दूसरे राजनीति दल सिर्फ अपने वंश को बढ़ाने में लगे हैं। गिरिराज सिंह ने विपक्षी दलों को घेरते हुए कहा कि आरजेडी प्रमुख लालू यादव अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, मुलायम सिंह पहले ही ऐसा कर चुके हैं। ममता बनर्जी अपने भतीजे को आगे बढ़ा रही हैं, तो स्टालिन अपने बेटे को। देश में बना ये इंडी गठबंधन परिवारवाद को बढ़ा रहा है। पीएम मोदी राष्ट्रवाद का प्रतीक हैं और इंडी अलायंस वंशवाद का।

## शादी में मुर्गा-भात के लिए मारपीट..बच्चे की मौत

### नालंदा से नवादा गई थी बारात, चिकन नहीं मिला तो वर-वधु पक्ष भिड़े; इलाज के दौरान गई जान

**नालंदा, एजेंसी।** शादी में खाने को लेकर हुई मारपीट में एक 12 साल के बच्चे की मौत हो गई। शनिवार को नालंदा से बारात नवादा गई थी। शादी में मुर्गा-भात को लेकर बाराती और लड़की पक्ष में कुछ कहासुनी हुई। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान करण कुमार (12) समेत 5 बाराती बुरी तरह जख्मी हो गए। शादी से भाग कर किसी तरह अपनी जान बचाई। इसके बाद परिजनों ने इलाज के लिए बिहारशरीफ के निजी क्लीनिक में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान करण की मौत हो गई। जबकि 4 अन्य विकास कुमार, राजा कुमार, ईश्वर और सूरज कुमार का इलाज चल रहा है। मृतक राजगीर थाना क्षेत्र के करियानंद नगर मोहल्ला निवासी सुरेंद्र राजवंशी का बेटा करण कुमार है। बारात नालंदा के राजगीर थाना क्षेत्र के करियानंद गांव से नवादा जिला के सिरदला थाना के कदुआरा गांव गई थी।



#### खाने को लेकर हुई थी लड़ाई-पिता

मृतक के पिता ने बताया कि राजगीर निवासी उपेंद्र राजवंशी के बेटे अजित कुमार की शादी नवादा जिले के सिरदल्ला थाना क्षेत्र कदुआरा गांव निवासी रामानंद राजवंशी की बेटी काजल कुमारी से तय हुई थी। शनिवार की शाम को राजगीर थाना क्षेत्र के करियानंद नगर से बारात गई थी। नवादा में बारातियों का स्वागत हुआ। खाने के दौरान कुछ बारातियों को मुर्गा-भात नहीं मिला। उसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई और विवाद इतना बढ़ गया तो दोनों के बीच मारपीट हो गई। परिजनों ने बताया कि बच्चे को लाठी-डंडे से मारा गया था। झगड़े के बाद शादी पूरे विधि विधान के साथ संपन्न कराई गई। दूल्हा, दुल्हन को विदा कर घर ले आया है।

#### क्या बोले थानाध्यक्ष

राजगीर थानाध्यक्ष चंद्र भानु ने बताया कि बारात में किसी बात को लेकर नवादा के सिरदल्ला में वर और वधु पक्ष के मारपीट हुई थी। उसी के दौरान एक घायल बच्चे की बिहारशरीफ के प्राइवेट अस्पताल में मौत हो गई। जिसके बाद परिजनों ने मौत की सूचना पुलिस को दी, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। आवेदन को संबंधित थाने को फॉरवर्ड कर दिया जाएगा।

## एक एकड़ में लगी अफीम की फसलें की गईं नष्ट-डीएसपी की देखरेख में चल रहा अभियान

**नवादा।** नवादा में नक्सल प्रभावित इलाका रजौली थाना क्षेत्र के परतौनिया और चरघरवा गांव के जंगलों में एक एकड़ में लगी अफीम की फसल नष्ट की गई है। एसडीपीओ पंकज कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम के सहयोग से यह कार्रवाई की गई। एसडीपीओ पंकज कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि जंगली क्षेत्र में अफीम की बड़े पैमाने पर खेती की जा रही है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई को लेकर एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस बल और बज्र टीम शामिल थी। काफी देर तक चले ऑपरेशन में एक एकड़ जमीन पर कच्ची अफीम की खेती को नष्ट किया गया। बताया कि परतौनिया के दो जगहों पर अफीम की खेती को दंडाधिकारी के सामने नष्ट किया गया है। अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है। पिपरा परतौनिया के घने जंगलों के बीच वन विभाग की में कई एकड़ भूमि पर माफिया और उग्रवादी संगठन अफीम की खेती कर रहे हैं। इतना ही नहीं वे सरकार के नल-जल योजना के तहत लगाई गई टंकी से सिंचाई कर रहे हैं लेकिन वन विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी। अफीम की खेती करने के लिए माफिया और उग्रवादी संगठन जंगल में लगे हरे भरे पेड़ों को काटकर बर्बाद कर उस जगह पर अफीम की खेती कर रहे हैं। इस घने जंगल में लोगों को शुद्ध पानी पीने के लिए सरकार ने नल-जल योजना के तहत टंकी लगाया है। उसी टंकी में लगे मोटर से अफीम की खेत में पाइप के माध्यम से पानी पहुंचा कर सिंचाई किया जा रहा है। ऐसे तो वन विभाग के अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण करते हैं लेकिन, उन्हें अफीम का पौधा उनके भूमि पर लगे होने की भनक भी कैसे नहीं लगी, ये सवाल उठ रहे हैं।जंगली क्षेत्र में अफीम के खेती को संरक्षण देने का काम उग्रवादी संगठन के सदस्य इस काम को बड़े सफाई तरीके से करते हैं। जंगल में निवास कर रहे गरीब तबके के लोगों को धमका कर बहला-फुसला कर धन का लोभ देकर अफीम के खेती में उन लोगों को सम्मिलित करते हैं। उग्रवादी संगठन अफीम की खेती से अर्जित करोड़ों रुपए से अपने पार्टी को मजबूत करते हैं।

## बिहार में पैक्स के लाखों सदस्यों की सदस्यता पर संकट, रद्द हो सकती है मेंबरशिप

**पटना, एजेंसी।** राज्य के लाखों पैक्स सदस्यों की सदस्यता पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। बीडीओ, डीसीओ और एआर के जरिए सीधे सदस्य बनने वालों की सदस्यता रद्द हो सकती है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद सहकारिता विभाग ने सहायक निबंधक और जिला सहकारिता पदाधिकारी को सुनवाई कर ऐसे सदस्यों की सदस्यता रद्द करने का आदेश दिया है। विभाग के आदेश के बाद बिहार सहकारी सोसायटी नियमावली 1959 के नियम 7(4) के तहत सदस्य बने लोगों की सदस्यता प्रभावित होगी। विभाग के अपर सचिव ऋचा कमल ने कहा है कि इस नियम के तहत बनाए गए सदस्यों को सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए अविलंब नियमानुसार उनकी सदस्यता समाप्त करने की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। इस आदेश के बाद लाखों सदस्यों की सदस्यता प्रभावित होगी। सहायक निबंधक और जिला सहकारिता पदाधिकारी के समक्ष सुनवाई में अपना पक्ष सही नहीं रखने पर उनकी सदस्यता जाना तय है। विभाग ऐसे सदस्यों की संख्या का आकलन करने में जुट गया है। हाईकोर्ट ने दिए थे आदेश दरअसल, पटना उच्च न्यायालय ने सहकारी सोसायटी नियमावली 1959 के नियम 7(4) को अवैधानिक घोषित कर दिया है। वर्ष 2021 में हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी इस नियामवली के तहत सदस्य बनाए जाते रहे। इसी मामले में दायर एमजेसी 364/2022 में सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने अब आदेश दिया है कि इस नियम के तहत प्रदत सदस्यता संबंधित व्यक्तियों से कारण जानते हुए रद्द की जाए। वर्तमान में ऐसे बन रहे सदस्य पैक्स के क्षेत्र में रहने वाले 18 वर्ष की उम्र के व्यक्ति सदस्यता के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा। पैक्स अध्यक्ष को पंद्रह दिनों के अंदर आवेदन पर कार्यवाही करनी होगी। आवेदन अस्वीकृत करने पर संबंधित व्यक्ति 60 दिनों के अंदर अपील कर सकता है। यदि निर्धारित समय में अपील नहीं कर पाता है तो त्रुटियों का सुधार कर फिर से वह आवेदन कर सकता है।

#### विलोपित की गई नियमावली

हाईकोर्ट के आदेश के बाद सहकारिता विभाग ने सहकारी सोसायटी नियमावली 1959 के नियम 7(4) को विलोपित कर दिया है। इस संबंध में शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी गई है। यानी अब इस नियमावली के तहत पैक्सों में सदस्य नहीं बनाए जा सकेंगे। वर्तमान में राज्य में 8467 पैक्स हैं।

#### क्या था नियमावली 7(4) में

इस नियमावली के तहत पैक्स की उपविधि में निहित किसी बात के प्रतिकूल होते हुए भी कोई व्यक्ति पैक्स सदस्य बनने के लिए बीडीओ, सहायक निबंधक या जिला सहकारिता पदाधिकारी के समक्ष आवेदन देता है। यह घोषणा करता है कि वह ऐसी सोसायटी का सदस्य बनने की सारी शर्तें पूरी करता है, उसके परिवार का कोई सदस्य सोसाययटी का सदस्य नहीं है और पैक्स में आवेदन करने के बाद भी उसे सदस्य नहीं बनाया गया है। इस स्थिति में संबंधित अधिकारी उस व्यक्ति को पैक्स सदस्य बनाने का आदेश करेगा।

#### कई चेयरमैन होंगे प्रभावित

विभाग के आदेश का सहकारिता की राजनीति में व्यापक असर होगा। वर्ष 2008 में बिहार सहकारी सोसायटी नियमावली 1959 के नियम 7(4) को लागू किया गया था। तब सदस्यों की संख्या करीब 35 लाख थी। आज की तारीख में सदस्यों की संख्या एक करोड़ 40 लाख से ज्यादा हो गई है। यानी इस नियमावली के तहत सभी जिलों में लाखों सदस्य बनाए गए हैं। कई पैक्सों के चेयरमैन भी इसी नियमावली से सदस्य बने हैं। कुछ बैंकों के चेयरमैन भी इसमें शामिल हैं।

## अनुशासित, प्रशिक्षित स्नातक व परास्नातक तैयार कर रहा कृषि विश्वविद्यालय सबौर-कुलपति

**भागलपुर , एजेंसी।** बिहार कृषि विश्वविद्यालय में कृषि-उद्योगों और विश्वविद्यालय के बीच सहयोग पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बिहार कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. डीआर सिंह समेत अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर अपने संबोधित में डॉ. सिंह ने कृषि उद्योगपतियों व प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि बीएयू कृषि में अच्छी तरह से प्रशिक्षित, अनुशासित स्नातक और स्नातकोत्तर तैयार कर रहा है। उन्होंने कंपनियों के विकास में प्रभावी ढंग से योगदान करने की उनकी क्षमता पर जोर दिया। डॉ. सिंह ने प्रथम वर्ष के बाद से उद्योगों के साथ छात्रों के जुड़ाव को सुविधाजनक बनाने के लिए विश्वविद्यालय में चल रहे प्रयासों को भी साझा किया।

# आपका आदमी गिरफ्तार है, कॉल आए तो हो जाएं सतर्क, बिहार पुलिस का अधिकारी बता ठग रहे साइबर फ्रॉड

**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** साइबर फ्रॉड भोले भाले लोगों से रुपए ठगने के लिए नए नए पैंतरे आजमा रहे हैं। ठग पुलिस को भी नहीं छोड़ रहे। जिला पुलिस की विशेष टीम का अधिकारी बता लोगों को झांसा में लेकर साइबर शातिर ठगी कर रहे हैं। कॉल करने वाला खुद को अधिकारी बताकर घर के किसी सदस्य का नाम बताकर गंभीर आरोपों में गिरफ्तार होने की सूचना देता है। झांसा में लेने के बाद मदद करने का हवाला देकर यूपीआई के जरिए रुपये मंगवा लेता है। मुजफ्फरपुर के माड़ीपुर इलाके के कई लोगों को ऐसी कॉल कर ठगी की गई है। आधा दर्जन लोगों ने इस तरह की कॉल आने की शिकायत काजी मोहम्मदपुर थाने में की है। एक महिला से 83 हजार रुपये की ठगी की एफआईआर दर्ज की गई है। महिला को बताया गया कि आपका बेटा पकड़ा गया है। मैनेज कर लीजए नहीं तो जेल चला जाएगा। महिला घबरा गई। बेटे को बचाने के लिए डिजिटल पेमेंट कर दिया। बाद पता चला कि वह साइबर फ्रॉड की शिकार हो गई। माड़ीपुर इलाके के आधा दर्जन लोगों ने इस तरह की




कॉल आने की काजी मोहम्मदपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। 12 अंकों वाले अनजान नंबर से कॉल की जा रही है। घटना से संबंध में काजी मोहम्मदपुर थाना के थानेदार मनोज कुमार साह ने बताया कि अब तक आधा दर्जन लोगों ने इस तरह की शिकायत की है। लेकिन, रुपए की ठगी महज एक महिला से हुई है। उसके आवेदन पर केस दर्ज किया गया है। पुलिस साइबर फ्रॉड को लेकर सतर्क है। पता चला कि मुजफ्फरपुर के अलावे वैशाली, बेगूसराय, मधुबनी समेत कई जिलों से ऐसी ठगी की घटना की खबर है।

**केस एक :** माड़ीपुर जैतपुर कॉलोनी रोमी पांडेय ने पुलिस को बताया है कि बीते 14 फरवरी को 12 अंकों वाले एक अंजान नंबर से उसे कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को जिला पुलिस की विशेष टीम का अधिकारी बताया। कहा कि उसका पुत्र तीन अन्य युवकों के साथ एक लड़की से गैंगरेप के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह सुनकर रोमी डर गई और झांसे में आ गई। इसके बाद पुत्र को छोड़वाने के लिए मदद के नाम पर उसने 83 हजार रुपये यूपीआई के जरिए मंगवा लिए। रुपये कम पड़ने पर रोमी ने अपने भाई से 40 हजार रुपये कर्ज लेकर शातिर ठग को भेज दिया।

**केस दो :** जैतपुर कॉलोनी के ही एक व्यक्ति ने भी रविवार को काजी मोहम्मदपुर थाने पहुंचकर शिकायत की कि उसे पाकिस्तान के नंबर से इंटरनेट कॉलिंग की गई है। उनका कहना है कि कॉल करने वाले ने उसकी पुत्री का नाम बताकर कहा कि उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसकी बेटी अभी पुलिस लाइन के सेल में बंद है। फ्रॉड के बड़े केस में गिरफ्तारी की बात बताई। कुछ देर पहले ही घर से वह निकले थे। तुरंत घर लौटे तो देखा कि बेटी घर पर मौजूद है। उन्हें शक था कि मोहल्ला के एक युवक जिससे उनका विवाद हुआ था उसने ही परेशान करने के लिए कॉल की होगी। थाने पर बताया गया कि कई लोगों को इस तरह की कॉल आई है।

**केस तीन :** माड़ीपुर आजाद कॉलोनी के इलेक्ट्रिक सामान के व्यवसायी के मोबाइल पर 16 फरवरी को साइबर शातिर की कॉल आई। उनके पुत्र का नाम बताते हुए कहा गया कि स्मैक के साथ उसकी गिरफ्तारी की गई है। उस समय उनका पुत्र दुकान पर ही साथ में बैठा हुआ था। व्यवसायी समझ गए कि ठग ने फोन किया है। उन्होंने कहा कि जिसकी गिरफ्तारी की बात कर रहे हो वह साथ में ही बैठा हुआ है। उन्होंने बेटे से बात कराई तो कॉल करने वाले ने गाली गलौज शुरू कर दी। धमकी दी कि बाद में गिरफ्तार कर लेंगे। इसके बाद दुकानदार ने भी काजी मोहम्मदपुर थाने जाकर मामले की मौखिक शिकायत की।

## केके पाठक का नया फरमान, रविवार और छुट्टी के दिन खुलेंगे स्कूल; क्या है एसीएस का नया टास्क?



**पटना, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव चुनाव करीब आ गया है। इसमें अब कुछ दिन ही बचे हैं। इस बीच बिहार के शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक का नया फरमान सामने आया है। उन्होंने स्कूलों को रविवार और छुट्टी के दिनों में भी खोलने का निर्देश दिया। आप सोच रहेंगे कि इसका लोकसभा चुनावों से क्या ताल्लुक है? हम आपको बताते हैं कि केके पाठक का यह फरमान चुनाव को लेकर ही है। उन्होंने शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों और स्कूलों के हेडमास्टर को यह टास्क दिया है। बिहार के सरकारी स्कूल अब रविवार और छुट्टी के दिनों में भी खुले रहेंगे शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव के के पाठक ने इसके लिए सभी जिलाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र लिखा है और छुट्टी के दिनों में स्कूल खुले रखने के निर्देश दिए हैं। हालांकि इन दिनों में छात्र-छात्राओं को स्कूल नहीं आना पड़ेगा बल्कि लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर स्कूलों में मरम्मती और आवश्यक किए जाएंगे। एसीए ने निर्देश दिया है कि स्कूलों के उपस्कर, लैब, रखरखाव और भवन मरम्मति के लिए लगभग 15 सौ करोड़ की राशि को खर्च करना है। इससे चुनाव में सहूलियत होगी और राशि लौटकर जाने का मामला भी नहीं बनेगा। राशि से भवनों के मरम्मत के साथ-साथ स्कूलों में बैंच डेस्क और अन्य सामानों की खरीदारी भी होगी।

पाठक ने कहा है कि छात्रों की पढ़ाई डिस्टर्ब नहीं हो इसके लिए छुट्टी के दिनों में विद्यालय का काम कराया जाए। दरअसल चुनाव से पहले मतदान केंद्र के तौर पर सभी स्कूलों के भवन और वहां बिजली, शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त करना है। यह काम समय पर पूरे हो जाएं इसके लिए केके पाठक का नया आदेश आया है। इस फरमान से छात्रों को कोई परेशानी नहीं होगी। लेकिन जो शिक्षक प्रबंधन से जुड़े हैं या हेड मास्टर है उन्हें स्कूल आना होगा। निर्देश दिया गया है कि विद्यालय की मरम्मती और सामान खरीद से संबंधित राशि 31 मार्च तक खर्च कर लिए जाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### व्यापार मंडल का कार्यालय व गोदाम क्षतिग्रस्त, परिसर में उगे जंगल झाड़ियां



**चाणक्य भूमि। बेतिया।** लौरिया प्रखंड कार्यालय परिसर में मुख्य मार्ग पर अवस्थित व्यापार मंडल का कार्यालय व गोदाम क्षतिग्रस्त हो गया है। इस परिसर में पेड़-पौधों व झाड़ियां उग आए हैं। विभागीय उदासीनता के कारण ब्लॉक के मुख्य मार्ग के बगल में यह भवन क्षतिग्रस्त हो चुका है। जानकारी के अनुसार बीते साल 2019 से लौरिया व्यापार मंडल भंग हो चुका है तथा चुनाव अभी तक नहीं हुआ है। वहीं विभागीय उदासीनता के कारण भवन व गोदाम पुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। वहीं इस संबंध में प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी जीतेन्द्र कुमार के दुरभाष पर संपर्क करने पर उन्होंने ने बताया की लौंरिया व्यापार मंडल समिती भंग है चुनाव शीघ्र होने वाले हैं भवन क्षतिग्रस्त है जिसका उपयोग फिलहाल नहीं हो रहा है। इस संबंध में वरीय अधिकारी को जानकारी दी जाएगी तथा क्षतिग्रस्त भवन का नवनिर्माण हेतु पहल की जायेगी।

### एंकर चंदन मिश्रा हुए झारखण्ड रत्न से सम्मानित



**चाणक्य भूमि। छपरा।** माँझी प्रखंड के शीतलपुर निवासी एवम सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मंच संचालन करने वाले चन्दन मिश्रा को झारखण्ड के जमशेदपुर में पिछले दिनों आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में सांसद अजय कुमार सिंह ने उन्हें झारखण्ड रत्न से सम्मानित किया। बता दें कि श्री मिश्रा को जमशेदपुर में उक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम में मंच संचालन हेतु आमंत्रित किया गया था जहां उन्हें सम्मानित किया गया। बताते चलें कि पिछले लगभग दस वर्षों से श्री मिश्रा कई बड़े मंचों का संचालन कर चुके हैं। पत्रकारों से बातचीत के क्रम में श्री मिश्रा ने बताया कि मंच संचालन की सीख विद्यालय में पढ़ाई के दौरान मिली तथा बाद में विपरीत पारिवारिक परिस्थिति के बावजूद माता पिता का आशीर्वाद एवम संगीत से जुड़े मित्रों के सतत सहयोग से ही मैं मंच संचालन की ओर उन्मुख हुआ। झारखण्ड रत्न से सम्मानित किए जाने पर अनेक कलाकारों व गणमान्य लोगों ने श्री मिश्रा को बधाई व शुभकामना दी हैं।

### मशरक के रामघाट गांव में जीम सेंटर में लगी आग, तीन लाख से अधिक की संपत्ति जल कर राख



चाणक्य भूमि। छपरा। मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के रामघाट गांव में चल रहे जीम सेंटर में आग लगने से तीन लाख रुपए की संपत्ति जलकर राख हो जाने का मामला सामने आया है। जीम सेंटर के प्रोपराइटर अभिमन्यु सिंह ने बताया कि रामघाट गांव में उनके द्वारा जीम सेंटर चलाया जाता है उसी में अचानक आग की लपटें उठने लगी, जब तक गांव से पहुंच आग पर काबू पाया जाता आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते आग ने सारा सामान जलाकर राख कर दिया। उन्होंने बताया कि आग के विकराल रूप को देखकर फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया। आग कैसे लगी यह पता नहीं चल पाया पर आग से तीन लाख रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई।

### मशरक के बंसोही में ट्रक और पिकअप की टक्कर, पांच घायल



**चाणक्य भूमि। छपरा।** मशरक थाना क्षेत्र के बंसोही गांव में एनएच 227 ए राम जानकी पथ पर ट्रक और पिक अप की टक्कर में पांच शख्स मामूली रूप से घायल हो गए। वहीं ट्रक और पिक अप क्षतिग्रस्त हो गया। घायल सिवान जिले के लकड़ी नवीगंज थाना क्षेत्र के महना गांव निवासी रविश कुमार, सागर सुल्तानपुर गांव निवासी हसमुदीन और मशरक के बंसोही गांव निवासी धनराज कुमार, युवराज कुमार, संतोष कुमार साह के रहने वाले हैं। घटना के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि ट्रक मशरक की तरफ से सिवान जा रहा था वहीं पिक अप टेंट हाउस का सामान लोड कर मशरक की तरफ जा रहा था कि बंसोही में दोनों में टक्कर हो गई। टक्कर में पिकअप के पीछे साइकिल और पैदल सवार 5 शख्स को चोट लग गई जिसमें पांच व्यक्ति मामूली रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज निजी क्लीनिक में हुआ। मौके पर पहुंची थाना पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

### दो बाइक की आमने सामने हुई टक्कर में मैट्रिक परीक्षार्थी हुई घायल

**चाणक्य भूमि। छपरा।** माँझी छपरा मुख्य मार्ग पर दुर्गापुर गाँव के समीप दो बाइक की आमने सामने हुई टक्कर में बाइक पर सवार एक युवती बुरी तरह जख्मी हो गई। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने आनन फानन में उसे माँझी सीएचसी में लाकर एडमिट करा दिया। सीएचसी में मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जख्मी युवती को चिंताजनक स्थिति में छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार जख्मी युवती माँझी के ताजपुर निवासी रंजय सिंह की पुत्री रिया कुमारी बताई जाती है। परिजनों ने बताया कि युवती मैट्रिक की परीक्षा देकर गाँव के ही एक युवक के साथ बाइक से वापस घर लौट रही थी, तभी दुर्गापुर के समीप तेज गति से आ रही एक बाइक ने टक्कर मार दी। उक्त दुर्घटना में जख्मी युवती का एक हाथ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

### शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**चाणक्य भूमि। बेतिया।** मैनाटांड़ पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत अहिरवलिया गांव से तीन लीटर शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। मैनाटांड थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि उषा देवी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### शस्त्रों का आज से शुरू होगा भौतिक सत्यापन

**चाणक्य भूमि। छपरा।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शस्त्रों के भौतिक सत्यापन का कार्य मंगलवार से शुरू होगा। पानापुर सीओ महम्मद जमशेद एवं थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने बताया कि थाना परिसर में 20 फरवरी से 25 फरवरी तक शस्त्रों का सत्यापन कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निर्धारित अवधि के अंदर शस्त्रों का सत्यापन नही कराने वाले सभी अनुज्ञप्तिधारियों की रिपोर्ट जिला को भेज दी जाएगी।

### आर्केस्ट्रा में मारपीट करने के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**चाणक्य भूमि। छपरा।** पानापुर थाना क्षेत्र के मुरलीमठ गांव में रविवार की रात आयी बारात में आर्केस्ट्रा में हंगामा करने एवं रोके जाने पर कन्यापक्ष एवं सगे संबंधियों के साथ मारपीट करने के मामले में दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि रविवार की रात मुरलीमठ निवासी अनिल गिरी के लड़की की बारात आई थीं। रात्रि करीब एक बजे कुछ युवकों ने जनवासे में पहुँच हंगामा कर दिया एवं विरोध करने पर कन्यापक्ष के संबधी दरियापुर के गजेंद्र गिरी का हाथ तोड़ दिया जिनका इलाज सदर अस्पताल छपरा में चल रहा है। वही युवकों ने महिलाओं के साथ मारपीट एवं छेड़खानी की। इस संबंध में पीड़ित अनिल गिरी ने स्थानीय थाने में अपने ही गांव के मुन्ना कुमार गिरी ,अंकुश कुमार गिरी, आलोक कुमार गिरी, सेमरी गांव निवासी नीतीश कुमार एवं मनीष कुमार सहित दो दर्जन अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद मुन्ना कुमार गिरी एवं नीतीश कुमार को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने बताया कि अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# तेजस्वी यादव के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु राजद नेता रणकौशल ने कसी कमर

**18 प्रखंड व 8 नगर निकाय क्षेत्र से पच्चीस हजार राजद कार्यकर्ता जुटेंगे : रणकौशल प्रताप सिंह**

चाणक्य भूमि। बेतिया



लौरिया प्रखंड के साहू जैन स्कूल के खेल मैदान मे 21 फरवरी बुधवार के दिन राजद द्वारा आयोजित जनविशवास कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु राजद नेता रणकौशल प्रताप सिंह ने कार्यकर्ताओं और समर्थको की कार्यक्रम मे लाने के लिए कमर कस ली है। वहीं विभिन्न प्रखंड सहित सभी निकाय क्षेत्र में कार्यक्रम में उपस्थित होने का प्रचार प्रसार युद्ध स्तर पर है। जनविशवास कार्यक्रम में जनता को राजद के संगठन व नीतियां सहित विकास के एजेंडे को भी राजद नेता तेजस्वी रखेंगे। राजद नेता तेजस्वी यादव के चंपारण आगमन को लेकर रणकौशल प्रताप सिंह ने जिले के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से अपील की और बताया की बिहार के नई दिशा एवं जनता के बीच जाकर राजद के कार्यकाल में हुए कार्य व रोजगार मुहैया कराने के साथ बिहार को विशेष पहचान दिलाने में तेजस्वी यादव जी का अहम योगदान रहा। रणकौशल प्रताप सिंह ने कहा की कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु हर कार्यकर्ता तन मन से जुट जायें। वहीं बिहार व केंद्र में पुंजीपतीयो के हाथ में चलाने वाली सरकार के विरुद्ध राजद के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। संगठन की मजबूती के साथ चंपारण में तेजस्वी यादव जी के आगमन से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा। समाज के अंतिम पायदान पर जीने वाले को मुख्य धारा से जोड़ने के साथ सभी जाति व सभी सांप्रदाय को एकसाथ लेकर चलने वाले का नेतृत्व करने वाले लालु जी व तेजस्वी यादव जी के हाथ को मजबूत करने का संकल्प लें। वहीं जनविशवास कार्यक्रम को सफल बनाने में जनसंपर्क भी युद्ध स्तर पर है। उन्होंने कहा की सभी जगह कार्यकर्ता प्रचार प्रसार करें और 21 फरवरी को लौरिया चलने का अपील करें।

## मशरक में शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलशयात्रा, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



चाणक्य भूमि। छपरा

मशरक प्रखंड क्षेत्र के बंगरा पंचायत के मध्य विद्यालय बंगरा के परिसर अवस्थित शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को गाजे-बाजे, घोड़ों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में आचार्य रामनरेश पांडेय ने यजमान महेश तिवारी और धर्मपत्नी चिन्ता देवी की मौजूदगी में मंदिर परिसर से मंत्रोच्चारण के बाद कलश कन्याओं और महिलाओं को सौपा गया। फिर कलशयात्रा गांव का भ्रमण करते हुए महादेवा ब्रहम स्थान के प्रांगण में पहुंची जहां विधिवत पूजा अर्चना के बाद कलश में पवित्र जल भरा गया। मौके पर भाजपा नेता सुनिल कुमार सिंह ने बताया कि मंदिर में भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग के प्राण प्रतिष्ठा के साथ चार दिवसीय शिवयाम का अनुष्ठान भी रखा गया है।कलश यात्रा में हर हर महादेव के नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा । उन्होंने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर का निर्माण हुआ। इस मौके पर भाजपा नेता सुनील सिंह, रत्नेश सिंह, विक्रमा सिंह, विनोद सिंह, शत्रुघ्न सिंह, संजय सिंह, अक्षय कुमार सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

## विश्व हिंदू परिषद द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की मनाई गई जयंती



चाणक्य भूमि बेतिया।

विश्व हिंदू परिषद के विभाग कार्यालय में सोमवार को छत्रपति शिवाजी महाराज की जन्म जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। जिसमें रमण गुप्ता ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज एक महान विभूति थे । उन्होंने समाज और देश के लिए काफी कुछ किया और देश और मातृभूमि के लिए अपनी आहुति दी। हमें याद रखने की आवश्यकता है। संजय कुमार राव ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज देश और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सब कुछ गवां दिया ।उन्होंने जो काम देश और समाज के लिए किया है उसे हम लोग भूल नहीं सकते हैं ।उनके अधूरे काम को आगे बढ़ाने की जरूरत है और देश समाज के लिए हमें भी अपनी यथाशक्ति त्याग होनी चाहिए। हम सब आज छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर यह संकल्प ले कि हमें उनके बताए गए मार्ग पर चलना है । मौके पर लाल बाबू प्रसाद, सुभाष पटेल, रामबाबू प्रसाद , रमन गुप्ता ,आलोक शर्मा सहित कई उपस्थित रहें तथा अपनी श्रद्धा- सुमन अर्पित की।

**लोकसभा चुनाव से संबंधित कोई भी न्यूज़ जिला प्रशासन के बिना सूचना के न छापे न चलाए**

# चुनाव आयोग,भारत सरकार के द्वारा लोकसभा 2024 चुनाव का नही किया गया हैं घोषणा

**मुख्य चुनाव आयुक्त के टीम 20 फरवरी को पहली बैठक पटना में करेगी**

चाणक्य भूमि। बेतिया






पटना - टाईम 24 न्यूज़ के मुख्य संपादक सह स्वतंत्र मीडिया परिषद के बिहार प्रदेश अध्यक्ष आफताब रौशन ने कहा कि 2024 लोकसभा चुनाव की तिथि का घोषणा भारत निर्वाचन आयोग (चुनाव आयोग) भारत सरकार के द्वारा अभी तक नहीं किया गया है। सोशल मीडिया के कई प्लेटफार्म पर यह फेक न्यूज़ चलाया जा रहा हैं कि चुनाव की तिथि आ गई है। जबकि अभी तक कोई भी चुनाव का तिथि भारतीय निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 का घोषणा नहीं किया गया है। वही आफताब रौशन ने बताया कि पटना में भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारी तीन दिवसीय दौरे पर आज शाम को पटना आ रहें हैं। इसमें मुख्य सूचना आयुक्त राजीव कुमार के अलावा निर्वाचन आयुक्त अनूप चंद्र पाण्डेय एवं अरुण गोयल सहित दिल्ली से पूरी टीम बिहार के दौरे पर आ रही है। बिहार पहुंचते ही मुख्य चुनाव आयुक्त की टीम संसदीय क्षेत्रवार समीझा शुरू कर देगी। मुख्य चुनाव आयुक्त की टीम पहली बैठक सुबह 9:30 बजे से राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ करेगी। आप सभी चम्पारण और बिहार के इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के साथियों से आग्रह है कि जिला प्रशासन के बिना सूचना के कोई भी लोकसभा चुनाव से संबंधित न्यूज़ प्रकाशित ना करें। इससे लोगों में गलत संदेश जा रहा हैं। जबकि एक चौथा स्तंभ का काम हैं जिला प्रशासन और लोगों को सही सूचना देना। जिला प्रशासन के द्वारा किए गए सही कार्यो को जन जन तक पहुंचना। जब तक भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 का घोषणा नहीं किया जाता है तबतक जिला प्रशासन के बिना आदेश का कोई भी न्यूज़ न छापे न चलाए।

# प्रखंड पुस्तकालय अलौली के परिसर मे फरकिया मिशन की बैठक

» समाज का सर्वांगीण विकास हेतु की गई बैठक, लिये गये कई निर्णय

» समाज के सर्वांगीण विकास में बुद्धिजीवियों युवाओं की भूमिका अहम - छत्रपति यादव विधायक

**सांस्कृतिक बौद्धिक विकास हेतु बैठक में की गई विस्तृत चर्चा**

चाणक्य भूमि। अलौली।



देश बचाओ अभियान फरकिया मिशन का बैठक श्री युवक प्रखंड पुस्तकालय अलौली के परिसर में किया गया, जिसकी अध्यक्षता अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि खगड़िया सदर विधायक छत्रपति यादव ने भाग लिये। बैठक में सामाजिक आर्थिक राजनीतिक सांस्कृतिक बौद्धिक सर्वांगीण विकास हेतु विस्तृत चर्चा किया गया। बैठक में अलौली हाई स्कूल फील्ड को स्टेडियम बनाने, अलौली गढ कोसी नदी पर पुल निर्माण जल्द चालू करवाने, डाक बंगला भवन का जीर्णोद्धार आधार करने, अलौली प्रखंड में डिग्री कॉलेज की स्थापना करने, पुस्तकालय में सामाजिक राजनीतिक सांस्कृतिक बौद्धिक विचारों से सन्निहित पुस्तकों की व्यवस्था करने, पुस्तकालय का रजिस्ट्रेशन कराने, संचालन एवं निगरानी समिति गठित करने, आम सभा आयोजित करने, पुस्तकालय परिसर का समतलीकरण करने, मिट्टी भराई करने, ईंट सोलिंग करने, पुस्तकालय का उद्घाटन करने, परिसर में पेयजल हेतु चापाकल की व्यवस्था करने, चहारदिवारी निर्माण करने, आदि सहित समकालीन सामाजिक राजनीतिक परिपेक्ष्य में विस्तृत चर्चा की गई एवं कई निर्णय लिया गया। बैठक में दानवीर यादव, भंटू कुमार, राम उदगार यादव, विष्णु देव यादव, रामचंद्र यादव, पूर्व मुखिया शिवधारी ठाकुर, ध्रुव यादव आदि उपस्थित थे।

# पशुओं में एफएमडी बीमारी के खिलाफ निशुल्क टीकाकरण का हुआ शुभारंभ

चाणक्य भूमि। छपरा



पशुओं में होने वाली एफएमडी बीमारी के खिलाफ टीकाकरण अभियान का हुआ शुभारंभ। माँझी के पशुपालन विभाग में स्थित पशु चिकित्सालय में आज सोमवार को माँझी प्रखंड की प्रखंड प्रमुख कमला देवी ने किया शुभारंभ। इस अवसर पर डॉक्टर कर्णिका कुमारी ने बताया कि पशुओं में होने वाली एफएमडी बीमारी के खिलाफ प्रखंड अंतर्गत सभी पशुओं को निशुल्क टीकाकरण किया जाएगा। वहीं यह कार्यक्रम 15 दिनों तक चलेगा। इस कार्यक्रम में आज दर्जनों पशुओं का टीकाकरण किया गया। उक्त मौके पर सुखदेव राय, मोगल कुमार यादव, हरिद्वार सिंह, प्रह्लाद कुमार यादव व पंचायत समिति सदस्य सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## पँचायत समिति की बैठक में शिक्षा और स्वास्थ्य आदि मुद्दों पर हुई चर्चा

चाणक्य भूमि। छपरा



माँझी प्रखंड मुख्यालय स्थित एस जी वाई एफ के सभागार में प्रखंड प्रमुख कमला देवी की अध्यक्षता में सोमवार को पँचायत समिति की बैठक सम्पन्न हो गई। बैठक की जानकारी देते हुए प्रमुख प्रतिनिधि राजेश कुमार ने बताया कि बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य के अलावा आंगनबाड़ी तथा मनरेगा से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। बैठक में समिति सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र में किये जाने वाले विकास कार्यों का मुद्दा उठाया। सदस्यों द्वारा उठाये गए मुद्दों पर शीघ्र अमल करने का प्रखण्ड प्रमुख ने आश्वासन दिया। बैठक में माँझी के बीडीओ रंजीत सिंह, समिति सदस्य गण, मुखिया गण के अलावा अलग अलग विभागों से जुड़े पदाधिकारी आदि भी शामिल हुए।

## लोकसभा चुनाव को लेकर इंडो नेपाल बॉर्डर के अधिकारियों के बीच हुई बैठक



चाणक्य भूमि। बेतिया

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मैनाटांड थाना परिसर में भारत और नेपाल के पुलिस पदाधिकारियों की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता मैनाटांड थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने की। बैठक में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने,अपराध कर एक दूसरे देश में डेरा डाले हुए अपराधियों को सूची तैयार कर साझा करने, सीमा पार से अवैध आवाजाही, फेक करेंसी, विस्फोटक पदार्थ,अवैध हथियार,मादक पदार्थ,सीमा पर अवैध गतिविधियों आदि पर लगाम लगाने के लिए सहयोग पर चर्चा की गई। बैठक में मैनाटांड थानाध्यक्ष मंटू कुमार,पुअनि रामसेवक सिंह,पुअनि सौरभ कुमार समेत एसएसबी के अधिकार और नेपाल पुलिस के अधिकारी मौजूद रहें।

## बनियापुर में एलईडी वैन के माध्यम से बाल शोषण के संबंध में लोगों एवं बच्चों को किया गया जागरूक




चाणक्य भूमि। छपरा

बनियापुर प्रखंड के विभिन्न जगहों पर महिला बाल विकास निगम बिहार (समाज कल्याण विभाग) के बैनर तले सोमवार को एलईडी वैन से बाल शोषण संबंधित लोगों को एवं बच्चों को जागरुक किया गया। विभिन्न विद्यालयों व सार्वजनिक स्थलों पर यौन शोषण से बच्चों की सुरक्षा को लेकर एलईडी वैन से जागरूक किया गया। हमने ठाना है, बच्चों को शोषण से बचाना है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पोस्को) 2012 से संबंधित जन जागरूकता हेतु जागरूकता रथ एलईडी वैन के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है।

## पिपरा समसा पथ के भगवानपुर बाज़ार स्थित सड़क पर पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



चाणक्य भूमि। भगवानपुर बेगुसराय

भगवानपुर थाना की पुलिस द्वारा पिपरा समसा पीडब्ल्यूडी पथ के भगवानपुर बाजार स्थित सड़क पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस वाहन चेकिंग अभियान का नेतृत्व भगवानपुर थाना के थानाध्यक्ष सह पुलिस निरीक्षक पवन कुमार ने किया । इस दौरान एएसआई अमित कुमार सहित पुलिस बल के जवानों द्वारा उक्त पथ से आवागमन कर रहे बाइक चालकों का हेलमेट,ड्राइविंग लाइसेंस, डिक्की समेत वाहनों के कागजात की जांच की गई। जिससे बाइक चालकों में हरकंप मच गया। वही बाइक चालक वाहन चेकिंग देखते ही अपना-अपना मार्ग बदलकर जाते दिखे। इस दौरान तीन वाहनों से कुल तीन हजार रुपए जुर्माना की राशि वसूल की गई। मौके पर भगवानपुर थाना के पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# सेंट्रल बैंक की अहवर शाखा एटीएम से दो साइबर फ्रॉड गिरफ्तार

## 36 हजार नकद समेत विभिन्न बैंको के एटीएम बरामद

### » एसएचओ और एस आई मझौलिया की संयुक्त कार्रवाई






चाणक्य भूमि। (कनकलता)बेतिया

मझौलिया पुलिस ने अहवर कुड़िया पंचायत अवस्थित सेंट्रल बैंक आलमगंज के एटीएम से रुपये निकासी कर रहे दो साइबर अपराधियो को मोबाइल दस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया।जानकारी इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने दी।उन्होंने बताया कि मुखबिर द्वारा दी गयी सूचना पर पुलिस हरक्क्त में आयी और रंगे हाथों साइबर अपराधी गिरफ्तार किये गये।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधियो के पास से विभिन्न बैंको के चार एटीएम,36 हजार रुपये नकद,03 मोबाइल सेट बरामद किया गया। जिसमे एक मोबाइल बड़ी कीमती है।इनके पास से निकासी किये गए रुपये में एसबीआई की तीन पर्ची,आधार कार्ड आदि शामिल है।दोनो अपराधियो ने अपना अपराध कबूल किया है।सोमबार को दोनो साइबर अपराधियो को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।जेल भेजे गये अपराधियो में जवकटिया निवासी कलाम मियां के पुत्र इम्तियाज आलम(23)वर्ष,तथा सैदुल्लाहआलम के पुत्रशाहिद आलम(25)वर्ष शामिल है।एसएचओ श्री मिश्र ने बताया कि साइबर अपराधियो के पास से बरामद एटीएम कार्डो में फिनो बैंक का एक ,कैनरा बैंक का एक,यूनियन बैंक का एक और फेडरल बैंक का एक एटीएम कार्ड शामिल है।पुलिस की कार्रवाई से साइबर अपराधियों में हड़कम्प है।पुलिस के मुताबिक जेल भेजे गये अपराधकर्मियों ने एटीएम ठगी का तरीको का खुलासा किया है।उनके मुताबिक लाइन में लगकर एटीएम बदलते है, तथा पिनकोड देखकर दूसरे एटीएम से रुपये की निकासी करते है।बताते चले कि मझौलिया थाना क्षेत्र के जवकटिया से पूर्व में भी कई साइबर अपराधी गिरफ्तार किये गये है।स्थिति यह हो गया है कि जवकटिया के किसी युवक का बचत खाता खोलने में बैंक अधिकारी बड़ी आनाकानी करते है।

## तेजस्वी की सभा को सफल बनाने के लिए मझौलिया में राजद की बैठक



चाणक्य भूमि । (कनकलता) बेतिया

पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के लौरिया में होनेवाले सभा को लेकर मझौलिया के राजद कार्यकर्ताओ में उत्साह है।कार्यक्रम की सफलता को लेकर राजद कार्यक र्ताओ की मझौलिया राजद कार्यालय में सम्पन्न एक बैठक में भारी से संख्या में कार्यकर्ताओ की भागीदारी सुनिश्चित किया गया।बैठक की अध्यक्षता राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष जयलाल यादव ने की।उन्होंने कहा कि 21 फरवरी को लौरिया में आयोजित सभा को सफल बनाना है।उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र से तेजस्वी यादव की सदभावना सभा को सफल बनाना है।इस अवसर पर राजद नेता मैनेजर यादव,डॉ. अमीन,सुरेंद्र मुखिया मो.मुस्तफा आदि के नाम उल्लेखनीय है।

# 22 मार्च को होनेवाले सामूहिक विवाह को लेकर पुरजोर तैयारी

### » समिति सदस्यों ने मझौलिया में किया जनसंपर्क

चाणक्य भूमि(कनकलता)बेतिया

पूर्वी सरेया पंचायत के वार्ड 6 स्थित सरेया कचहरी टोला में आगामी 22 जनवरी को होनेवाले सामूहिक विवाह में भागीदारी को लेकर कमिटी सदस्यों ने मझौलिया शुगर इंडस्ट्रीज के गन्ना महाप्रवंधक डॉ.जयप्रकाश त्रिपाठी को आमंत्रित किया।श्री त्रिपाठी ने इस अवसर पर तन मन धन से सहयोग का आश्वासन दिया । कमिटी के अध्यक्ष चंद्र भूषण पांडेय नेसमस्त टीम के साथ उनको आमंत्रित किया।इस अवसर पर कमिटी सदस्यों में समाजसेवी रविकांत कुमार,जिला पार्षद तेज नारायण प्रसाद,उमेश यादव,अरुण कुमार,सत्येन्द्र श्रीवास्तव आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बताते चले कि आगामी 15 मार्च को कलश शोभा यात्रा से महायज्ञ और सामूहिक विवाह का श्रीगणेश होगा।22 मार्च को सामूहिक विवाह होगा।51 जोड़ी वर बधू के हाथ पीले होंगे।इस पुनीत कार्य मे पूरे ग्रामीणों का सहयोग प्राप्त हो रहा है।पुरजोर तैयारी है।



गणेश भगवान को निमंत्रण सौपते

# निगम के अधिकारी भले ही भ्रष्टाचारी हो पर जनता सजग रहे

## महापौर ने किया 94.20 लाख लागत वाली नगर निगम के विभिन्न वार्डों की सात विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

चाणक्य भूमि बेतिया।

नगर निगम की महापौर गरिमा देवी सिकारिया के द्वारा कुल 55 लाख 19,450 की योजना का उद्घाटन और वार्ड 27 में 39 लाख 1,140 की लागत वाली आरसीसी नाली और पीसीसी सड़क का शिलान्यास महापौर के द्वारा किया गया। इस प्रकार नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न मद की आवंटित राशि कुल 94.20 लाख लागत वाली नगर निगम के विभिन्न वार्डों की सात विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास संपन्न किया। इस मौके पर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि कोई भी विकास कार्य जनता द्वारा विभिन्न मद में चुकाए गए टैक्स की राशि से खर्च होता है। इन विकास योजनाओं के निर्माण कार्य में मानक गुणवत्ता नगर निगम प्रशासन की जिम्मेदारी है। लेकिन इसका व्यवहारिक पक्ष यह है कि केवल जनता की निगरानी से ही किसी भी निर्माण कार्य में गुणवत्ता संभव है। नगर निगम क्षेत्र के नगर पार्षद राजकिशोर महतो के वार्ड 36 के बिंदेश्वरी ठाकुर के घर से अशोक पटेल के घर होते हुए रामलाल महतो के घर तक 4.04 लाख लागत वाले आरसीसी नाला निर्माण पूरा हुआ. इसी प्रकार नगर पार्षद नाजिया प्रवीण के वार्ड -10 में प्रदीप वर्णवाल के घर से मस्जिद के दक्षिण एवं पूर्वी तरफ नाला एवं मस्जिद से कादिर मियां के घर होते हुए खालिद मियां के घर तक आरसीसी नाला निर्माण कार्य। इसी प्रकार नगर निगम अन्तर्गत वार्ड संख्या 11 की पार्षद शकीला खातून के वार्ड क्षेत्र में मनोज कुमार के घर के पीछे से लक्ष्मण किराना दूकान होते हुए शम्भू जी के घर तक आरसीसी नाला एवं पेवर ब्लॉक का निर्माण कार्य का उद्घाटन किया गया।



नगर निगम अन्तर्गत वार्ड संख्या 11 में ही आसिन मियां के घर से नसीम अख्तर के घर तक सड़क निर्माण एवं जैबुन नेशा के घर से विनोद चौधरी के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण कार्य कराया गया है। नगर निगम अन्तर्गत वार्ड संख्या 27 के नगर पार्षद इन्द्रजीत यादव के वार्ड क्षेत्र में सुरेन्द्र प्रसाद ब्याहुत के घर से भाया विनोद तिवारी के घर से मेन रोड तक 7.51 लाख लागत से सड़क एवं नाला निर्माण कार्य संपन्न हुआ नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड 02 की नगर पार्षद अनुराधा यादव के वार्ड क्षेत्र जमादार टोला के श्रीराम जानकी मंदिर से सुनील कुमार पत्रकार के घर होते हुए राजेश गुप्ता के घर तक सड़क एवं नाला निर्माण कार्य संपन्न हुआ है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि उपरोक्त छह विकास योजनाओं को पूर्ण करने में कुल 55,19450 की लागत आई है। इसी के साथ नगर निगम क्षेत्र के नगर पार्षद वार्ड 27 के नगर पार्षद इन्द्रजीत यादव के साथ वार्ड 27 के कृष्णा नगर में प्रोफ़ेसर वीणा सिंह के घर से अवनीश कुमार का घर होते राजकुमार चौरसिया के घर तक और अनूप पाण्डेय व निरंजन कुमार यादव के घर से मेन रोड तक कुल 39.01 लाख की लागत से नाला एवं पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास महापौर गरिमा देवी सिकारिया द्वारा संपन्न किया गया।

# प्रशांत किशोर ने सम्राट चौधरी की सच्चाई बताई

## पीके का सम्राट चौधरी पर हमला, बोले - सम्राट चौधरी कौन है? भाजपा को कोई दूसरा कुशवाहा नेता नहीं मिला? इनके पिता लालू-नीतीश की सरकार में मंत्री-विधायक रहे हैं और अब भाजपा उन्हीं के बेटे को आगे बढ़ा रही है

चाणक्य भूमि बेतिया।




जन सुराज पदयात्रा के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने परिवारवाद पर तंज करते हुए कहा कि भाजपा में नए-नए नेता बने हैं सम्राट चौधरी। सम्राट चौधरी कौन हैं? शकुनी चौधरी के लड़के। जब कांग्रेस का दौर था तब शकुनी चौधरी विधायक और मंत्री थे। जब लालू जी का दौर आया तो जनता ने कांग्रेस को तो हरा दिया लेकिन जिसको जिताया वही शकुनी चौधरी RJD में विधायक मंत्री बन गए। इसके बाद जब लालू जी का दौर खत्म हुआ और नीतीश जी का दौर आया तो उसमें भी शकुनी चौधरी विधायक और मंत्री बन गए। अब जब भाजपा का दौर दिख रहा है, तब इसमें इन्हें कोई कुशवाहा नेता नहीं मिला। भाजपा को भी शकुनी चौधरी का लड़का ही मिला। बिहार में दल बदलता गया जनता को लगा कि हम कांग्रेस को हटा कर RJD को लेकर आ गए लेकिन आदमी-परिवार वही बना रहा। बिहार में इसलिए परिवर्तन होकर भी नहीं होता है क्योंकि वही परिवार वही चेहरा कुंडली मार कर बैठा हुआ रहता है।































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714